RTI MANUAL

UNDER

SECTION 4 OF THE RTI ACT 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 4(1) (ख) के अन्तर्गत सूचनाऐं

जुलाई 19, 2022

4(1) (ख) (i)	**अपने संगठन की विशिष्टियाँ, कृत्य और कर्तव्य,**
	इस विश्वविद्यालय की स्थापना राजीव गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2012 के अन्तर्गत राज्यपाल महोदय की अनुमति से दिनांक 14 अक्टूबर, 2012 की पालना अन्तर्गत वर्ष 2012 में उदयपुर में की गई। अधिनियम के अनुसार विश्वविद्यालय का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान राज्य निर्धारित किया गया है। दिनांक 27 अगस्त, 2012 से इसे प्रवृत्त होने की घोषणा एक्ट निहित की गई है। राजस्थान सरकार के राज–पत्र विशेषांक (Rajasthan Gazette Extraordinary) अप्रेल–21, 2016 के द्वारा राजीव गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, उदयपुर का नाम व मुख्यालय परिवर्तित कर गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा कर दिया गया है। राजस्थान राज–पत्र विशेषांक जून–28, 2016 के द्वारा गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा के कार्यक्षेत्र में 01 जुलाई, 2016 से बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जिलों को सम्मिलित किया गया। गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2012 में विश्वविद्यालय की विशिष्टियों, कृत्य और कृर्तव्यों का निम्नानुसार उल्लेख है – **विश्वविद्यालय का निगमन :–** (1) विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, प्रथम कुलपति, प्रबंध बोर्ड और विद्या परिषद् के प्रथम सदस्य और ऐसे सभी व्यक्ति, जो इसके पश्चात् ऐसे अधिकारी या सदस्य हो जाते हैं, जब तक वे ऐसा पद या सदस्यता धारण किये रहते हैं, ''गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा'' के नाम से एक निगमित निकाय का गठन करेंगे और उसका शाश्वत् उत्तराधिकार और एक सामान्य मुद्रा होगी और उस नाम से वह वाद ला सकेगा और उस पर वाद लाया जा सकेगा। (2) विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के प्रयोजनों के लिए जंगम और स्थावर दोनों प्रकार की सम्पत्ति अर्जित और धारित करने, ऐसी किसी भी जंगम या स्थावर सम्पत्ति को, जो उसमें निहित हो या उसके द्वारा अर्जित की जाये, पट्टाकृत, विक्रीत या अन्यथा अंतरित या व्ययनित करने और संविदा करने और इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए आवश्यक अन्य समस्त बातें करने के लिए सक्षम होगाः परन्तु ऐसी सम्पत्ति का ऐसा कोई भी पट्टा, विक्रय, अंतरण या व्ययन राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा।

(3) विश्वविद्यालय का मुख्यालय बांसवाड़ा में होगा जो कुलपति का मुख्यालय होगा।
(4) विश्वविद्यालय द्वारा या इसके विरूद्ध वादों और अन्य विधिक कार्यवाहियों में अभिवचन, कुल–सचिव द्वारा हस्ताक्षरित और सत्यापित किये जायेंगे और ऐसे वादों और कार्यवाहियों में समस्त आदेशिकाएं कुल–सचिव को जारी और तामील की जायेंगी।

विश्वविद्यालय के उद्देश्य :–

विश्वविद्यालय, अन्य प्रयोजनों के साथ–साथ, निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए स्थापित और निगमित किया हुआ समझा जायेगा–

(i) प्राथमिक रूप से जनजातीय जनसंख्या के लिए उच्च शिक्षा और अनुसंधान की सुविधाओं के अवसर उपलब्ध कराना;

(ii) जनजातीय कला, संस्कृति, परम्परा, भाषा, औषधीय पद्धतियां, रीति रिवाज, वन आधारित आर्थिक क्रियाकलापों, वनस्पति, जन्तुओं और जनजातीय क्षेत्रों के प्राकृतिक संसाधनों से संबंधित प्रौद्योगिकियों या विद्या की ऐसी कोई भी अन्य संबंधित शाखाएं जो वह ठीक समझे, में शैक्षणिक अभिवर्धन और अनुसंधान सुविधाएं उपलब्ध कराने के द्वारा ज्ञान का प्रसार और अभिवर्धन करना;

(iii) राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों या संगठनों या संस्थाओं के साथ, विशेष रूप से जनजातीय जनसंख्या के विषय में सांस्कृतिक अध्ययन और अनुसंधान को हाथ में लेने के लिए, सहयोग करना;

(iv) जनजाति–केन्द्रित विकास के माडल बनाना, रिपोर्टें और शोध प्रबंध प्रकाशित करना; और जनजातियों से संबंधित विषयों के बारे में सम्मेलन, सेमिनारें आयोजित करना, और विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत मामलों के लिए सूचना उपलब्ध कराना;

(v) जनजातीय समुदायों के सदस्यों को अपने स्वयं के विश्वविद्यालय के माध्यम से उच्च शिक्षा तक पहुंच द्वारा प्रबंध करने, प्रशासन करने और अपनी आवश्यकताओं की देखभाल करने में सक्षम बनाने हेतु प्रोत्साहन के लिए समुचित उपाय करना;

(vi) अन्तर–विषयक अध्ययनों और अनुसंधान में अध्यापन अध्ययन प्रक्रियाओं में नवाचारों को संप्रवर्तित करने, और अनुसूचित जनजातियों की सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक दशाओं और कल्याण के प्रति विशेष ध्यान देने, उनके बौद्धिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास के लिए समुचित उपाय करना

(vii) विद्या की विभिन्न शाखाओं में शिक्षा देने के लिए उपबंध करना;और

(viii) विद्या की समस्त शाखाओं में अनुसंधान को अग्रसर करना।

	<u>विश्वविद्यालय की शक्तियां और कृत्य :–</u> विश्वविद्यालय की निम्नलिखित शक्तियां और कृत्य होंगे, अर्थात्:– (क) विश्वविद्यालय का प्रशासन और प्रबंध करना; (ख) विद्या की ऐसी शाखाओं में, जिन्हे विश्वविद्यालय समय–समय पर अवधारित करे, शिक्षा देने की व्यवस्था करना और अनुसंधान के लिए और ज्ञान के अभिवर्धन और प्रसार के लिए ऐसे उपबंध करना जो विश्वविद्यालय के उद्देश्यों को अग्रसर करने के लिए आवश्यक हों; (ग) पाठ्यक्रमानुसार अध्ययन और पाठ्यक्रम विहित करना और शिक्षा पद्धतियों और प्रदान करने की कार्यपद्धतियों में लचीलेपन के लिए उपबंध करना; (घ) राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, अनुसंधान और शिक्षा के लिए ऐसे केन्द्र या अन्य इकाइयां स्थापित करना जो विश्वविद्यालय की राय में उसके उद्देश्यों को अग्रसर करने के लिए आवश्यक हों; (ङ) दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों को सुविधाएं उपलब्ध कराना जो यह अवधारित करे; (च) परिनियमों द्वारा विहित रीति से उपाधियां, डिप्लोमे और अन्य विद्या संबंधी उपाधियां और पुरस्कार संस्थित और प्रदान करना; (छ) अध्येतावृत्तियां, छात्रवृत्तियां, पुरस्कार, पदक और अन्य पुरस्कार संस्थित और प्रदान करना; (ज) समान या समरूप उद्देश्यों वाले अन्य विश्वविद्यालयों, संस्थाओं और प्राधिकारियों के साथ सहयोग और सहयोजन करना, जैसाकि विश्वविद्यालय अवधारित करे; (झ) विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये पाठ्यक्रमों में, विहित रीति से छात्रों को प्रवेश देना; (ञ) ऐसी फीस और ऐसे अन्य प्रभार नियत करना, उनकी मांग करना और प्राप्त करना या वसूल करना, जो विहित किये जायें; (ट) विश्वविद्यालय द्वारा अपेक्षित अध्यापन, अनुसंधान और अन्य पदों का संस्थित करना और उन पर नियुक्तियां करना; (ठ) प्रशासनिक, लिपिकवर्गीय और अन्य आवश्यक पदों का सृजन करना और उन पर नियुक्तियां करना; (ड) सभी प्रवर्गों के कर्मचारियों की, उनकी आचार संहिता को सम्मिलित करते हुए, सेवा की शर्तें अधिकथित करना; (ढ) छात्रों और कर्मचारियों के सभी प्रवर्गों में अनुशासन विनियमित और प्रवर्तित करना और इस संबंध में ऐसे अनुशासनिक उपाय करना जो विहित किये जायें या विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक समझे जायें; (ण) छात्रों के निवास के लिए हाल और छात्रावास और विश्वविद्यालय के संकायों, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए वास–सुविधा और अतिथि गृह स्थापित, संधारित करना और उनका प्रबंध करना; (त) छात्रों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सामान्य कल्याण का प्रोन्नयन करने के लिए व्यवस्था करना;

(थ) विश्वविद्यालय के व्यय को विनियमित करना और वित्त का प्रबंध करना और लेखे रखना;
(द) विश्वविद्यालय के प्रयोजन के लिए और उन उद्देश्यों से, जिनके लिए विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है, संगत अनुदान, आर्थिक सहायता, अभिदान, संदान और दान प्राप्त करना और किन्हीं भी अनुदानों को प्राप्त करने के लिए केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या अन्य प्राधिकारियों और निकायों के साथ करार करना;
(ध) राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर जो विश्वविद्यालय ठीक और उचित समझे, ऐसी भूमि या भवन या संकर्म, जो विश्वविद्यालय के प्रयोजन के लिए आवश्य हों, क्रय करना, अर्जित करना, पट्टे पर लेना या उनका व्ययन करना और किन्हीं भी ऐसे भवनों या संकर्मों का सन्निर्माण, परिवर्तन और संधारण करना;
(न) राज्य सरकार की पूर्व अनुज्ञा प्राप्त करने के पश्चात्, विश्वविद्यालय की या विश्वविद्यालय के प्रयोजन के लिए अर्जित की जाने वाली आस्तियों के संबंध में अन्तरण, बंधक, पट्टे, अनुज्ञप्तियां, करार और अन्य हस्तान्तरण–पत्र निष्पादित करना;
(प) राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, विश्वविद्यालय की सम्पत्ति की प्रतिभूमि पर, विश्वविद्यालय के प्रयोजनों के लिए धन उधार लेना;
(फ) अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के लिए प्रवेश, नियोजन के पदों और अन्य फायदों के मामलों में पर्याप्त प्रतिशत उपबंधित करके शैक्षिक, आर्थिक हितों और कल्याण के प्रोन्नयन के लिए विशेष उपबंध करना
(ब) ऐसे समस्त अन्य कार्य और बातें करना जिन्हें विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के समस्त या किन्हीं भी उद्दश्यों को प्राप्त करने या अग्रसर करने के लिए सहायक या आनुषंगिक समझें
(भ) विश्वविद्यालय द्वारा नहीं चलाये जाने वाले महाविद्यालयों, संस्थाओं और संस्थानों को विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार देना और इन समस्त या इनमें से किन्हीं भी विशेषाधिकारी को वापस लेना;
(म) किसी महाविद्यालय, संस्था या, यथास्थिति, विभाग को ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, जो इस अधिनियम में अभिकथित की जायें या जो परिनियमों द्वारा विहित की जायें, स्वायत्त प्रास्थिति प्रदान करनपा और स्वायत्तता वापस लेना; और
(य) अन्य विश्वविद्यालयों और प्राधिकारियों के साथ, ऐसी रीति से और ऐसे प्रयोजन के लिए सहयोग करना जो विश्वविद्यालय अवधारित करें।

<u>विश्वविद्यालय का अध्यापन :–</u>

(1) विश्वविद्यालय द्वारा मान्यताप्राप्त समस्त अध्यापन विश्वविद्यालय विभागों में या महाविद्यालयों, संस्थानों और संस्थाओं में संचालित किये जायेंगे।

(2) ऐसे अध्यापन का संचालन करने के लिए उत्तरदायी प्राधिकारी ऐसे होंगे जो विहित किये जायें।
(3) पाठ्यक्रमानुसार अध्ययन और पाठ्यक्रम ऐसे होंगे जो आर्डिनेन्सों द्वारा और तदधीन रहते हुए, विनियमों द्वारा विहित किये जायें।

4(1) (ख) (ii)	**अपने अधिकारीयों और कर्मचारियों की शक्तियाँ और कर्तव्य,**
-	गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2012 में विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियाँ और कर्तव्यों का निम्नानुसार उल्लेख है – **<u>कुलपति की शक्तियां और कर्तव्य –</u>** (1) कुलपति विश्वविद्यालय का मुख्य कार्यपालक और शैक्षणिक अधिकारी होगा और कुलाधिपति की अनुपस्थिति में, विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोहों की अध्यक्षता करेगा। (2) कुलपति बोर्ड और विद्या परिषद् का पदेन अध्यक्ष होगा। (3) कुलपति, विश्वविद्यालय से संबंधित मामले बोर्ड को उसके विचार–विमर्श और विचार के लिए प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी होगा/होगी। उसे बोर्ड और विद्या परिषद् और ऐसे अन्य प्राधिकारियों या निकायों जैसेकि विहित किये जायें, की बैठकें बुलाने की शक्ति होगी। (4) कुलपति का विश्वविद्यालय के कार्यकलापों पर सामान्य नियंत्रण होगा और वह विश्वविद्यालय के सम्यक् अनुशासन बनाये रखने के लिए उत्तरदायी होगा। (5) कुलपति इस अधिनियम और परिनियमों, आर्डिनेन्सों और विनियमों के उपबंधों का निष्ठापूर्वक पालन सुनिश्चित करेगा और उसे ऐसी समस्त शक्तियां प्राप्त होंगी जो उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यक हों। (6) किसी आपात में, जिसमें कुलपति की राय में तुरंत कार्रवाई करना अपेक्षित हो, कुलपति ऐसी कार्रवाई करेगा/करेगी जो वह आवश्यक समझे और की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट, शीघ्रतम अवसर पर, ऐसे अधिकारी, प्राधिकारी या अन्य निकाय को करेगा/करेगी जो उस मामले में सामान्य अनुक्रम में कार्रवाई करता। (7) जहां कुलपति द्वारा उप–धारा (6) के अधीन की गयी किसी कार्रवाई से विश्वविद्यालय की सेवा में के किसी भी व्यक्ति पर उसके लिए अलाभकारी प्रभाव पड़ता है, वहां ऐसा व्यक्ति, ऐसी तारीख से, जिसको उसे की गयी कार्रवाई से संसूचित किया जाये, तीस दिन के भीतर–भीतर बोर्ड को अपील कर सकेगा। (8) पूर्वोक्त के अध्यधीन रहते हुए, कुलपति, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति, निलम्बन और पदच्युति संबंधी बोर्ड के आदेशों को कार्यान्वित करेगा। (9) कुलपति, अध्यापन, अनुसंधान और अन्य कार्य के निकट समन्वय और एकीकरण के लिए उत्तरदायी होगा और ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा जो विहित की जायें। **<u>कुल–सचिव :–</u>** (1) कुल–सचिव विश्वविद्यालय का मुख्य प्रशासनिक अधिकारी होगा। वह सीधे ही कुलपति के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण के अधीन कार्य करेगा। (2) इस अधिनियम या तत्समय प्रवृत्त किसी भी अन्य विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, कुल–सचिव राज्य सरकार द्वारा, राजस्थान प्रशासनिक सेवा में के अधिकारियों (जो चयनित वेतनमान से निम्न के न हों) में से प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्त किया जायेगा/जायेगी।

(3) कुल–सचिव बोर्ड, विद्या परिषद् और ऐसे किसी भी प्राधिकारी का पदेन सदस्य–सचिव होगा जिसे परिनियमों द्वारा विश्वविद्यालय का प्राधिकारी होना घोषित किया जाये।

(4) कुल–सचिव का यह कर्तव्य होगा कि वह –

(क) विश्वविद्यालय के अभिलेख, सामान्य मुद्रा और ऐसी अन्य सम्पत्तियों का अभिरक्षक होगा/होगी जिन्हे बोर्ड उसके भारसाधन में सुपुर्द करें; और

(ख) बोर्ड, विद्या परिषद्, संकाय, अध्ययन बोर्डों और विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों द्वारा नियुक्त किसी भी समिति की बैठक बुलाने के लिए समस्त नोटिस जारी करेगा;

(5) (i) जहां बोर्ड की कोई कार्यवाही या संकल्प, या कुलपति का कोई आदेश इस अधिनियम और तदधीन बनाये गये परिनियमों के उपबंधों से असंगत हो, वहां कुल–सचिव का यह कर्तव्य होगा कि वह सुसंगत उपबंधों का उल्लेख करते हुए बोर्ड या कुलपति को सलाह देगा/देगी और बोर्ड की बैठक की कार्यवाहियों में या कुलपति के आदेश पर इस तथ्य को अभिलिखित करेगा/करेगी कि उसने ऐसी सलाह दे दी थी और तदुपरांत ऐसी कार्यवाहियों, संकल्प या, यथास्थिति, आदेश पर विसम्मति का टिप्पण प्रस्तुत करेगा/करेगी और ऐसा संकल्प या आदेश पारित होने, या यथास्थिति, ऐसी कार्यवाहियां चलाने के सात दिवस के भीतर–भीतर कुलाधिपति या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी को मामले की संसूचना सुनिश्चित करेगा/करेगी।

(ii) उप–खण्ड (i) के अधीन रिपोर्ट किये गये विसम्मति के टिप्पण के परीक्षण के पश्चात्, कुलाधिपति या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी ऐसा अंतरिम या स्थायी आदेश, जो वह ठीक समझे, दे सकेगा/सकेगी, जो विश्वविद्यालय के लिए आबद्धकर होगाः

परन्तु यदि विसम्मति के टिप्पण की प्राप्ति की तारीख से तीस दिवस की कालावधि के भीतर–भीतर ऐसा कोई अंतरिम या स्थायी आदेश जारी नहीं किया जाये तो बोर्ड या यथास्थिति, कुलपति, कार्यवाहियों, या संकल्प या, यथास्थिति, आदेश पर ऐसे कार्यवाही कर सकेगा/सकेगी मानो कि विसम्मति का टिप्पण प्रस्तुत नहीं किया गया था।

(6) कुल–सचिव धारा 42 के उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(7) कुल–सचिव ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे अन्य कृत्यों का पालन और ऐसे अन्य कर्तव्यों का निर्वहन करेगा/करेगी जो विहित किये जायें या जिनकी कुलपति या बोर्ड द्वारा उससे समय–समय पर अपेक्षा की जाये।

<u>नियंत्रक :–</u>

(1) नियंत्रक विश्वविद्यालय का मुख्य वित्त, लेखा और संपरीक्षा अधिकारी होगा/होगी। वह सीधे ही कुलपति के नियंत्रण के अधीन कार्य करेगा/करेगी।

(2) इस अधिनियम या, तत्समय प्रवृत्त किसी भी अन्य विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, नियंत्रक राज्य सरकार द्वारा, राजस्थान लेखा सेवा के अधिकारियों (चयनित वेतनमान से निम्न के न हों) में से प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्त किया जायेगा।

(3) नियंत्रक, वित्त समिति का पदेन सदस्य–सचिव होगा/होगी।

(4) नियंत्रक,–

(क) विश्वविद्यालय की निधियों का सामान्य पर्यवेक्षण करेगा और विश्वविद्यालय को उसकी वित्तीय नीति के संबंध में सलाह देगा;

(ख) न्यास और विन्यास सम्पत्ति को सम्मिलित करते हुए विश्वविद्यालय की सम्पत्ति और विनिधानों का वित्त समिति और बोर्ड के विनिश्चयों के अनुसार प्रबंध करेगा/करेगी; और

(ग) ऐसी अन्य शक्तियों और ऐसे अन्य वित्तीय कृत्यों का पालन करेगा/करेगी जो उसे बोर्ड द्वारा समनुदेशित किये जायें या जो विहित किये जायें:

परन्तु नियंत्रक, बोर्ड के पूर्व अनुमोदन के सिवाय, ऐसी रकम से अधिक, जो विहित की जाये, कोई व्यय उपगम या कोई भी विनिधान नहीं करेगा/करेगी।

(5) बोर्ड के नियंत्रण के अध्यधीन रहते हुए, नियंत्रक,–

(क) यह सुनिश्चित करेगा कि एक वर्ष के लिए आवर्ती और अनावर्ती व्यय बोर्ड द्वारा नियत सीमा से अधिक न हों, और सभी धन उन प्रयोजनों के लिए व्यय किये जायें जिनके लिए वे मंजूर या आबंटित किये गये है;

(ख) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखाओं, वित्तीय प्राक्कलनों और बजट को तैयार करने और उनको वित्त समिति और बोर्ड को प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी होगा;

(ग) नकद और बैंक अतिशेषों और विनिधानों पर बराबर नजर रखेगा;

(घ) राजस्व के संग्रहण की प्रगति पर नजर रखेगा और संग्रहण की लागू की गयी पद्धतियों पर सलाह देगा;

(ङ) यह सुनिश्चित करेगा कि भवनों, भूमि, फर्नीचर और उपस्करों के रजिस्टर अद्यतन रखे जाते हैं, और विश्वविद्यालय द्वारा संधारित समस्त कार्यालयों, प्रयोगशालाओं, महाविद्यालयों और संस्थाओं में उपस्करों और अन्य खपने वाली सामग्री के सम्बद्ध में स्टाक की जांच की जाती है;

(च) यह सुनिश्चित करेगा कि विश्वविद्यालय द्वारा विनियधान से ऐसा कोई भी व्यय उपगत नहीं किया जाये जो बजट में प्राधिकृत नहीं किया गया हो और अनधिकृत व्यय या अन्य वित्तीय अनियमितता को कुलपति के ध्यान में लायेगा/लायेगी और दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध की जाने वाली समुचित कार्रवाई का सुझाव देगा/देगी;

(छ) ऐसे किसी व्यय को नामंजूर करेगा जो किसी भी परिनियम के निबन्धनों का उल्लंघन करता हो या जिसके लिए परिनियम द्वारा उपबंध किया जाना अपेक्षित है किन्तु नहीं किया गया है;

(ज) विश्वविद्यालय द्वारा संधारित किसी कार्यालय, प्रयोगशाला, महाविद्यालय या संस्था से ऐसी सूचना या विवरणियां प्राप्त करेगा या करेगी जिन्हें वह अपनी शक्तियों के प्रयोग, कृत्यों के पालन या कर्तव्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक समझे; और

(झ) धारा 34, 35 और 36 के उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

	विश्वविद्यालय के अध्यापक और अधिकारी :– (1) विश्वविद्यालय के अध्यापकों और अधिकारियों की नियुक्ति राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यापक तथा अधिकारी (नियुक्ति के लिए चयन) अधिनियम, 1974 (1974 का अधिनियम सं. 18) के उपबंधों के अनुसार की जायेगी। (2) परिनियमों द्वारा उपबंधित मामलों के सिवाय, विश्वविद्यालय के अध्यापक और अधिकारी लिखित संविदा के अधीन नियुक्त किये जायेंगे। संविदा कुलपति के पास रखी जायेगी और उसकी एक प्रति संबंधित अध्यापक या अधिकारी को दी जायेगी। सेवा की शर्तों के संबंध में संविदा इस अधिनियम और तत्समय प्रवृत्त परिनियमों के उपबंधों से असंगत नहीं होगी।
4(1) (ख) (iii)	**विनिश्चय करने की प्रक्रिया में पालन की जाने वाली प्रक्रिया जिसमें पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के माध्यम सम्मिलित हैं,**
-	गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय में मुख्य कार्यपालक अधिकारी कुलपति है। इनके निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में विश्वविद्यालय के कार्य संचालित होते है। गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2012, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली, राज्य सरकार एवं अन्य वैधानिक संस्थानों से प्राप्त नियम संगत आदेशों / निर्देशों के अनुरूप विश्वविद्यालय के कार्य सम्पादित किये जाते है।
4(1) (ख) (iv)	**अपने कृत्यों के निर्वहन के लिए स्वयं द्वारा स्थापित मापदण्ड**
-	विश्वविद्यालय के उद्देश्यों एवं कर्तव्यों को सफलता पूर्वक निष्पादित करने के लिये विश्वविद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक अनुभाग गठित किये गये है। उन्हीं अनुभागों द्वारा नियत समयावधि में कार्यो को सम्पादित किया जाता है।
4(1) (ख) (v)	**अपने द्वारा या अपने नियंत्रणाधीन धारित या अपने कर्मचारियों द्वारा अपने कृतियों के निर्वहन के लिए प्रयोग किये गए नियम, विनिमय, अनुदेश, निर्देशका और अभिलेख,**
-	गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2012 में निर्धारित कृत्यों के निर्वहन के लिये उक्त अधिनियम और राज्य सरकार के विभिन्न सामयिक आदेशों और निर्देशों के अनुरूप विश्वविद्यालय के कार्यो को सम्पादित किया जाता है।
4(1) (ख) (vi)	**ऐसे दस्तावेजों के, जो उसके द्वारा धारित या उसके नियंत्रणाधीन हैं, प्रवर्गों का विवरण ,**
-	विश्वविद्यालय में दस्तावेजों को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संधारित किया जाता है। यह कार्य विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों के प्रभारी के दायित्वाधीन रहता है।
4(1) (ख) (vii)	**किसी व्यवस्था की विशिष्टियाँ जो उसकी नीति की संरचना या उसके कार्यान्वयन के सम्बन्ध में जनता के सदस्यों से परामर्श के लिए या उनके द्वारा अभ्यावेदन के लिए विद्यमान हैं,**
-	विश्वविद्यालय को समय–समय पर राज्यपाल सचिवालय एवं राज्य सरकार से दिशानिर्देश प्राप्त होते है और उन्हीं दिशानिर्देशों के अनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा नियत समयावधि में कार्यवाही की जाती है।
4(1) (ख) (viii)	**ऐसे बोर्डों, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों के विवरण जिनमें दो या अधिक व्यक्ति है, जिनका उसके भागरूप में या इस बारे में सलाह देने के प्रयोजन के लिए गठन किया गया है कि क्या उन बोर्डों, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों के बैठकों के कार्यवृत तक जनता की पहुँच होगी,**

गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2012 में विश्वविद्यालय के बोर्ड, परिषद् और अन्य निकायों का प्रावधान है, जो निम्नानुसार है –

विश्वविद्यालय के अधिकारी और प्राधिकारी :–

(i) सलाहकार परिषद्;
(ii) प्रबंध बोर्ड;
(iii) विद्या परिषद्;
(iv) संकाय;
(v) अध्ययन बोर्ड;
(vi) वित्त समिति;

सलाहकार परिषद् का गठन और संरचना.–

(1) विश्वविद्यालय की एक सलाहकार परिषद् होगी जो निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगी, अर्थात्:–

(i) कुलाधिपति द्वारा नियुक्त किया जाने वाला, जनजातीय मामलों में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एक व्यक्ति, जो सलाहकार परिषद् का अध्यक्ष होगा;
(ii) कुलपति;
(iii) अतिरिक्त मुख्य सचिव, जनजाति क्षेत्र विकास विभाग, राजस्थान;
(iv) आयुक्त, जनजाति क्षेत्र विकास विभाग, उदयपुर;
(v) निदेशक, भारतीय प्रबन्धन संस्थान, उदयपुर;
(vi) कुलपति, मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर;
(vii) कुलपति, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा;
(viii) शिक्षा, सामुदायिक सेवा और सार्वजनिक जीवन के क्षेत्रों से लिये जाने वाले {अनुसूचित जनजातियों} के, राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित किये जाने वाले पांच विख्यात व्यक्ति;
(ix) जनजातीय अध्ययन, सामाजिक विज्ञान, व्यवहार–विज्ञान और मानविकी और अन्य संबंधित विषयों के, {कुलाधिपति} द्वारा नामनिर्देशित किये जाने वाले विद्वान, पांच तक;
(x) विश्वविद्यालय का कुल–सचिव, सदस्य–सचिव।

(2) सलाहकार परिषद् की बैठक में, एक तिहाई उपस्थित सदस्यों से बैठक की गणपूर्ति होगी।

(3) सलाहकार परिषद् का अध्यक्ष, ऐसे कृत्यों का पालन और ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो इस अधिनियम में उपबंधित हैं या जो विहित की जायें।

(4) सदस्य किसी भी अतिरिक्त वेतन के बिना कार्य करेंगे किन्तु ऐसे दैनिक भत्ते और यात्रा व्यय के हकदार होंगे, जो विहित किये जायें।

(5) सलाहकार परिषद् की बैठकों का कार्यवृत सलाहकार परिषद् के सदस्य–सचिव द्वारा अभिलिखित और संधारित किया जायेगा।

सलाहकार परिषद् के कर्तव्य और कृत्य.–

सलाहकार परिषद् के कर्त्तव्य और कृत्य निम्नलिखित होंगे :–

(क) विश्वविद्यालय की व्यापक नितियों और कार्यक्रमों का समय–समय पर पुनर्विलोकन करना और विश्वविद्यालय के उद्देश्यों को प्राप्त करने के बारे में विश्वविद्यालय के सुधार और विकास के लिए, उपायों के सुझाव देना;

(ख) ऐसे किसी मामले के संबंध में, जिससे विश्वविद्यालय का मार्गदर्शन हो सके, कुलपति को सलाह देना; और

(ग) ऐसे अन्य कर्तव्य और कृत्य जो परिनियमों द्वारा विहित किये जायें।

प्रबंध बोर्ड का गठन और संरचना :–

(1) प्रबंध बोर्ड विश्वविद्यालय का उच्चतम कार्यपालक निकाय होगा और निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगा, अर्थात्:–

(I) विश्वविद्यालय का कुलपति – अध्यक्ष;

(II) पदेन सदस्य –

(i) प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान;

(ii) प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान;

(iii) अतिरिक्त मुख्य सचिव, जनजाति क्षेत्र विकास विभाग, राजस्थान;

(iv) आयुक्त, जनजाति क्षेत्र विकास, उदयपुर;

(v) निदेशक, भारतीय प्रबन्धन संस्थान, उदयपुर;

(vi) कुलपति, मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर;

(vii) प्रति–कुलपति

(viii) विश्वविद्यालय का कुल–सचिव, सदस्य–सचिव''

(ix) निदेशक/आयुक्त, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान।

स्पष्टीकरण– (i) से (iii) में उल्लिखित पदेन सदस्यों में उनके संबंधित नानिर्देशिती भी सम्मिलित होंगे जो शासन उप सचिव, राजस्थान की रैंक से नीचे के नहीं होंगे।

(III) नामनिर्देशित सदस्य–

(i) कुलपति द्वारा संकायाध्यक्षों में से एक वर्ष के लिए नामनिर्देशित दो व्यक्ति;

(ii) कुलाधिपति द्वारा एक वर्ष के लिए नामनिर्देशित दो विश्वविद्यालय आचार्य;

(iii) कुलाधिपति द्वारा तीन वर्ष के लिए नामनिर्देशित किये जाने वाले दो विख्यात शिक्षाविद्;

(iv) राज्य सरकार द्वारा तीन वर्ष के लिए नामनिर्देशित किये जाने वाले, राज्य विधान–मण्डल के दो सदस्य

(v) राज्य सरकार द्वारा तीन वर्ष के लिए नामनिर्देशित किये जाने वाले दो विख्यात शिक्षाविद्'';

(vi) राज्य सरकार द्वारा एक वर्ष के लिए नामनिर्देशित किये जाने वाले, संबद्ध विश्वविद्यालयों के दो प्राचार्य, जिनमें से एक सरकारी महाविद्यालयों से और दूसरा प्राइवेट महाविद्यालयों से होगा।''

विद्या परिषद् :–

(1) विश्वविद्यालय की एक विद्या परिषद् होगी जो निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगी, अर्थात्:–

(क) कुलपति – पदेन अध्यक्ष;

(ख) प्रति–कुलपति;

(ग) संकायों के संकायाध्यक्ष;

(घ) प्रत्येक संकाय से कुलपति द्वारा नामनिर्देशित किया जाने वाला एक आचार्य;

(ङ) प्रमुख शासन सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान या उसका नामनिर्देशिती जो शासन उप सचिव, राजस्थान की रैंक से नीचे का न हो;

(च) प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान या उसका नामनिर्देशिती जो शासन उप सचिव, राजस्थान की रैंक से नीचे का न हो;

(छ) अध्ययन बोर्डों के अध्यक्ष;

(ज) अध्ययन के क्षेत्र में विशेष योग्यता रखने वाले ऐसे दो व्यक्ति जो विश्वविद्यालय के कर्मचारी नहीं हों, जिनमें से एक कुलाधिपति द्वारा और दूसरा राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित किया जायेगा

(झ) विश्वविद्यालय का कुल–सचिव, सदस्य–सचिव

(ञ) कुलपति द्वारा नामनिर्देशित किया जाने वाला किसी घटक महाविद्यालय का एक प्राचार्य/निदेशक;

(ट) निदेशक/आयुक्त, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान;

(ठ) संबद्ध महाविद्यालयों के राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित किये जाने वाले दो प्राचार्य, जिनमें से एक सरकारी महाविद्यालयों से और दूसरा प्राइवेट महाविद्यालयों से होगा;

(ड) घटक महाविद्यालय/विश्वविद्यालय विभाग से, कुलपति द्वारा नामनिर्देशित किया जाने वाला, आचार्यों से भिन्न एक अध्यापक जिसे उपाधि या स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यापन का न्यूनतम दस वर्ष का अनुभव हो; और

(ढ) संबद्ध महाविद्यालय से, राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित किया जाने वाला, प्राचार्यों से भिन्न एक अध्यापक जिसे उपाधि या स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यापन का न्यूनतम दस वर्ष का अनुभव हो।''

(2) नामनिर्देशित सदस्यों की पदावधि दो वर्ष होगी।

अध्ययन बोर्ड :–

(1) अध्ययन बोर्ड इतने होंगे जितने परिनियमों द्वारा अवधारित किये जायें।

(2) अध्ययन बोर्ड ऐसी रीति से गठित किया जायेगा, ऐसे सदस्यों से मिलकर बनेगा, ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का पालन करेगा, जो विहित किये जायें।

वित्त समिति :–

(1) वित्त समिति निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर गठित होगी, अर्थात्:–

(क) कुलपति, जो समिति का अध्यक्ष होगा;

(ख) प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान या उसका नामनिर्देशिती जो शासन उप सचिव, राजस्थान की रैंक से नीचे का न हों;

(ग) प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान या उसका नामनिर्देशिती जो शासन उप सचिव, राजस्थान की रैंक से नीचे का न हों;

(घ) अतिरिक्त मुख्य सचिव, जनजाति क्षेत्र विकास विभाग, राजस्थान या उसका नामनिर्देशिती जो शासन उप सचिव, राजस्थान की रैंक से नीचे का न हों;

(ङ) प्रति–कुलपति;

(च) बोर्ड द्वारा इसके अशासकीय सदस्यों में से नामनिर्देशित किया जाने वाला बोर्ड का एक सदस्य;

(छ) बोर्ड द्वारा चक्रानुक्रम में नामनिर्देशित किये जाने वाले दो आचार्य; और

(ज) नियंत्रक, जो समिति का सदस्य–सचिव होगा।

(2) खण्ड (च) और (छ) के अधीन नामनिर्देशित सदस्यों की पदावधि दो वर्ष होगी।

4(1) (ख) (ix) **अपने अधिकारीयों और कर्मचारियों की निर्देशिका**

- गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय एवं नवीन विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की निर्देशिका बनाई गई है।

➢ राजस्थान सरकार द्वारा विश्वविद्यालय में निम्नलिखित अशैक्षणिक व शैक्षणिक पद स्वीकृत किये गये है :–

- **अशैक्षणिक पद :**

क्र.सं.	पदनाम	स्वीकृत पद	रिक्तपद
1	कुलपति	01	कार्यरत
2	कुलसचिव	01 राज.प्रशा. सेवा (सुपर टाईमस्केल)	कार्यरत
3	वित्त नियंत्रक	01 राज. लेखा सेवा (सलेक्शन स्केल)	कार्यरत
4	सहायक लेखाधिकारी	01 कोष एवं लेखा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर	कार्यरत
5	कनिष्ठ लेखाकार	02 कोष एवं लेखा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर	कार्यरत
6	परीक्षा नियंत्रक	1	रिक्त
7	उप कुलसचिव	1	रिक्त
8	सहायक कुलसचिव	1	रिक्त
9	निजी सचिव	1	रिक्त
10	अनुभाग अधिकारी	1	रिक्त
11	वरिष्ठ सहायक	2	रिक्त
12	निजी सहायक	1	रिक्त
13	विधि सहायक	1	रिक्त

14	स्टेनोग्राफर	3	रिक्त
15	सूचना सहायक	4	रिक्त
16	कनिष्ठ लिपिक	7	रिक्त
17	वाहन चालक	1	रिक्त
18	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	10	रिक्त

- **शैक्षणिक पद**

क्र.सं.	पदनाम	सृजित पद
1	प्रोफेसर	05
2	एसोसियेट प्रोफेसर	10
3	असिस्टेन्ट प्रोफेसर	15

➢ राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय में पदस्थापित अधिकारी/कार्मिक निम्न है –

क्र.स.	नाम अधिकारी/कार्मिक	पद नाम
1	प्रो0 आई.वी. त्रिवेदी	कुलपति
2	गोविन्द सिंह देवडा	कुलसचिव
3	सोहन सिह	वित्त नियंत्रक
4	अभिषेक गोदा	सहा0 लेखाधिकारी–I
5	प्रकाशचन्द्र परमार	सहायक प्रोग्रामर
6	चिराग त्रिवेदी	कनिष्ठ लेखाकर
7	मनीष जोशी	कनिष्ठ लेखाकर

➢ आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान द्वारा विश्वविद्यालय में 03 सह/सहायक आचार्य, 01 अति0 प्रशासनिक अधिकारी तथा 01 च.श्रे.क. प्रतिनियुक्त किये गये है।

क्र.स.	नाम कार्मिक	पद नाम
1	डॉ0 नरेन्द्र पानेरी	सहायक आचार्य
2	डॉ0 अशोक काकोडिया	सह–आचार्य
3	डॉ0 मनोज पण्ड्या	सह–आचार्य
4	डॉ0 नसीम पठान	अति0प्रशा0अधिकारी
5	श्री नटवरलाल भोई	सहायक कर्मचारी

➢ राज्य सरकार द्वारा गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा को 40 पद गैर–शैक्षणिक एवं 30 पद शैक्षणिक के स्वीकृत किये गये है। वर्तमान में समस्त पद रिक्त है। राज्य सरकार से इन पदों पर भर्तियों की सहमति प्राप्त होने के पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा भर्ती प्रक्रिया आरम्भ की जायेगी।

	➢ माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा वर्ष 2021–22 में ''वेद–विद्यापीठ'' एवं बजट घोषणा वर्ष 2022–23 में ''वैदिक गुरूकुल'' की स्थापना किये जाने घोषणा की गई है। उपरोक्त घोषणा के क्रम में संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक प. 25 (1) शिक्षा–4/2021 जयपुर दिनांक 01/02/2022 द्वारा ''वेद–विद्यापीठ'' की स्थापना हेतु कुल 07 शैक्षणिक पद (आचार्य–01, सह–आचार्य–02, सहायक आचार्य–04) व 06 अशैक्षणिक संवर्ग (सहायक कुलसचिव–01, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष–01, कनिष्ठ सहायक–02, मल्टीटास्क वर्कर–02) एवं पत्र क्रमांक प. 25(1) शिक्षा–4/2021 दिनांक 15/03/2022 द्वारा ''वैदिक गुरूकुल'' की स्थापना हेतु 17 शैक्षणिक पदों (प्राध्यापक–01, वैदाध्यापक–09, विषयाध्यापक–07) व 06 अशैक्षणिक (उप कुलसचिव–01, सहायक पुस्तकालयध्यक्ष–01, कनिष्ठ सहायक–01, मल्टीटास्क वर्क–03) संवर्ग के पदों के सृजन पर सहमति प्रदान की गई है।
4(1) (ख) (x)	**अपने प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी द्वारा प्राप्त मासिक पारिश्रमिक जिसमें उसके विनिमयों में यथाउपबंधित प्रतिकर की प्रणाली सम्मिलित है,**
-	गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय एवं नवीन विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की निर्देशिका बनाई गई है। अधिकारियों एवं कार्मिकों का विवरण निम्नानुसार है –

क्र. स.	नाम कार्मिक	पद नाम	नियुक्ति स्थान	मासिक पारिश्रमिक	लेवल
1	गोविन्द सिंह देवडा	कुलसचिव	गोविन्द गुरू जनजातीय वि0वि0 बांसवाड़ा	107300	L19
2	सोहन सिह	वित्त नियंत्रक		98300	L19
3	अभिषेक गोदा	सहा0 लेखाधिकारी–I		51400	L12
4	प्रकाशचन्द्र परमार	स्टेनोग्राफर		40300	L10
5	चिराग त्रिवेदी	कनिष्ठ लेखाकर		36900	L10
6	मनीष जोशी	कनिष्ठ लेखाकर		36900	L10
7	डॉ0 नरेन्द्र पानेरी	सह–आचार्य		87300	L11
8	डॉ0 अशोक काकोडिया	सह–आचार्य		डेपूटेशन होने के कारण वेतन संबंधित विभाग द्वारा होता है।	
9	डॉ0 मनोज पण्ड्या	सह–आचार्य			
10	डॉ0 नसीम पठान	अति0प्रशा0अधिकारी			
11	श्री नटवरलाल भोई	सहायक कर्मचारी			

4(1) (ख) (xi)	**सभी योजनाओं, प्रस्तावित व्ययों और किये गए संवितरणों पर रिपोर्टों की विशिष्टियाँ उपदर्शित करते हुए अपने प्रत्येक अभिकरण को आबंटित बजट,**
-	**वर्ष 2021–22 के आय–व्यय एवं वर्ष 2022–23 के संशोधित बजट का अनुमोदन।**

1) विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2022–23 के बजट को वित्त विभाग के निर्देशों के अनुसार बजट निर्णायक समिति (BFC) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। राज्य सरकार द्वारा (MODIFIED BFC) वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु कुल रूपया 640 लाख आय–व्ययक अनुमान स्वीकृत किया गया।

(राशि लाख में)

लेखा शीर्ष	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
	राज्य निधि
12–सहायतार्थ अनुदान (गैर संवेतन)	**90.00**
92–सहायतार्थ अनुदान (संवेतन)	**140.00**
